भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 511

05 फरवरी, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि

511 सुश्री सरोज पाण्डेय:
श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान किसानों की फसल को खरीदने के लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): वर्ष 2016-17 से अधिदेशित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया हैं।

(ख): सरकार ने अपने केन्द्रीय बजट 2018-19 में एमएसपी को उत्पादन लागत के डेढ़ गुणा के स्तर पर रखने के पूर्व-निर्धारित सिद्धांत की घोषणा की थी। तदनुसार, सरकार ने कृषि वर्ष 2018-19 से सभी अधिदेशित खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत मुनाफे के साथ वृद्धि की है।

अनुबंध

दिनांक 05.02.2021 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 511 के उत्तर के भाग (क) के संबंध में उल्लिखित अनुबंध

समर्थन मूल्य (फसल वर्ष के अनुसार) **(रुपये प्रति क्विंटल)**

क्र. सं.	जिन्स	किस्म	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
	खरीफ फसलें						
1	धान	सामान्य	1470	1550	1750	1815	1868
		ग्रेड 'ए'	1510	1590	1770	1835	1888
2	ज्वार	हाईब्रीड	1625	1700	2430	2550	2620
		मालदण्डी	1650	1725	2450	2570	2640
3	बाजरा		1330	1425	1950	2000	2150
4	रागी		1725	1900	2897	3150	3295
5	मक्का		1365	1425	1700	1760	1850
6	अरहर (तूर)		5050^^	5450^	5675	5800	6000
7	मूंग		5225^^	5575^	6975	7050	7196
8	उड़द		5000^^	5400^	5600	5700	6000
9	कपास	मध्यम रेशा	3860	4020	5150	5255	5515
		लंबा रेशा	4160	4320	5450	5550	5825
10	मूंगफली		4220*	4450^	4890	5090	5275
11	सूरजमुखी बीज		3950*	4100*	5388	5650	5885
12	सोयाबीन (पीला)		2775*	3050^	3399	3710	3880
13	तिल		5000^	5300*	6249	6485	6855
14	रामतिल		3825*	4050*	5877	5940	6695
	रबी फसलें						
15	गेहूं		1625	1735	1840	1925	1975
16	जौ		1325	1410	1440	1525	1600
17	चना		4000^	4400@	4620	4875	5100
18	मसूर (लैंटिल)		3950@	4250*	4475	4800	5100
19	रेपसीड/सरसो		3700*	4000*	4200	4425	4650
20	कुसुम्भ		3700*	4100*	4945	5215	5327
21	तोरिया		3560	3900	4190	4425	4650
	अन्य फसलें						
22	कोपरा (कैंलेंडर वर्ष)	मिलिंग	5950	6500	7511	9521	9960
		बाल	6240	6785	7750	9920	10300
23	छिलके रहित नारियल (कैंलेंडर वर्ष)		1600	1760	2030	2571	2700
24	पटसन		3200	3500	3700	3950	4225

*100 रूपए प्रति क्विंटल बोनस सहित

^200 रूपए प्रति क्विंटल बोनस सहित

^^ 425 रूपए प्रति क्विंटल बोनस सहित

@ 150 रूपए प्रति क्विंटल बोनस सहित